# हरिभूमि हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026



11 सरकार गो संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरी तरह...



12 आर्यनगर में अतिक्रमण, डीसी ने दिए कार्रवाई के...




## खबर संक्षेप

### एक ही दिन में काटे 587 वाहनों के चालान

**हिसार।** यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशानुसार जिला पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 587 वाहनों के चालान काटे। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन आज

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग केंद्र में 12 जून शुक्रवार को 20 मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन होंगे तथा अगले सप्ताह 16 जून मंगलवार को भी 20 मरीजों के ऑपरेशन निर्धारित हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने कहा कि बुधवार को भी निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित करके जरूरतमंदों को नेत्र ज्योति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए पात्र बच्चों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक आवेदक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से अपना नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चे जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उपायुक्त ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ही अप्लाई किए गए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### हरियाणा रजक महासभा के प्रधान बने अरुण साहानी

**हिसार।** हरियाणा रजक महासभा के चुनाव सत्य भवन धर्मशाला, मंडी रोड में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सम्पन्न हुए। चुनाव डॉ. बलवंत राय खत्री, विनोद वर्मा, मोहनलाल नरबान, सुरेश पंवार एवं राजकुमार सांखला की देखरेख में हुए। चुनाव में प्रधान पद के लिए अरुण कुमार साहानी एवं सुभाष खत्री के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अरुण कुमार साहानी विजयी घोषित हुए। कैशियर पद के लिए मोहनलाल महावर एवं कृष्ण लाल पंवार के बीच हुए चुनाव में मोहनलाल महावर ने जीत दर्ज की। वहीं महेंद्र कुमार सोकरिया को महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

### मंदिर दानपात्र चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस को मंदिर में चोरी हुए दानपात्र मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान वार्ड 7 निवासी गौरव के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे पुलिस रिमांड लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ कर चोरीशुदा दानपात्र व नकदी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है। प्रभारी थाना बरवाला निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि 10 जून को शिकायतकर्ता रमेश कुमार वार्ड नं. 07, राजधानी कॉलोनी ने शिकायत दी कि उनकी कॉलोनी स्थित काली माता मंदिर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा दानपात्र चोरी कर लिया गया है, जिसमें लगभग 15-20 हजार रुपये की नकदी थी। शिकायत के आधार पर थाना बरवाला में केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव निवासी वार्ड नं. 7 को गिरफ्तार किया।

---

### हांसी में सुबह 5:25 बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने की वारदात

# वार्मअप करवा रहे जिम संचालक को 5 सेकंड में मारीं 10 गोलियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

शहर के अंदर से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित फव्वारा चौक के पास गुरुवार तड़के दो बाइक सवार हमलावरों ने एक जिम संचालक पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर कर हत्या कर दी। हमलावरों ने जिम संचालक पर पांच सेकेंड में नजदीक से पीठ व सिर में गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी के दौरान वहां वार्म-अप कर रही एक युवती भी छर्रा लगने के कारण घायल हो गई। उसे हिसार के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिस वक्त जिम संचालक का मर्डर हुआ, वह फव्वारा चौक के नजदीक बनी दुकानों के रैंप पर लड़के-लड़कियों को एक्सराइज करवा रहा था। बाइक चालक ने हेलमेट व हमलावर युवक ने सफेद टोपी और मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। वारदात के बाद हमलावर बाइक पर मौके से फरार हो गए। इसके बाद मौके पर अभ्यास कर रहे युवकों ने बाइक पर बैठा कर जिम संचालक कपिल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर कपिल की मां बाली के बयान पर तीन नामजद के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

- एक साल पहले की थी लव मैरिज
- मायके में थी पत्नी

#### पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

हमलावर द्वारा की गई फायरिंग की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए टीम व फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। सीसीटीवी फुटेज की वीडियो में दिख रहा है कि सुबह 5:25 बजे दो हमलावर स्प्लेंडर बाइक पर आते हैं, बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ है और उसके पीछे बैठे युवक ने सफेद टोपी और मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। बाइक सवार युवक जिम संचालक के पीछे आकर रुकते हैं। इस दौरान जिम संचालक कपिल लड़के-लड़कियों को दुकान के बाहर बनी सीढ़ियों पर एक्सराइज करवा रहा था। बाइक से पीछे बैठे बदमाश ने उतरते ही उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं और उसने नजदीक से जिम संचालक के सिर और पीठ पर गोलियां बरसा दीं। गोलियां लगते ही जिम संचालक कपिल तुरंत जमीन पर गिर गया और गोलियां चलने की आवाज सुन वहां अभ्यास कर रहे लड़के-लड़कियां यहां-वहां भाग खड़े हुए।





हांसी। जिम संचालक कपिल पर पीछे से गोली चलाता सफेद टोपी पहने हमलावर व जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम।

#### युवती भी हुई घायल

जिम संचालक पर हुई गोलीबारी के दौरान एक गोली का छर्रा वहां अभ्यास कर रही एक युवती को जा लगा और वह चीखती हुई वहां से भाग खड़ी हुई। इसके बाद हमलावर बाइक पर बैठ कर मौके से फरार हो गए। गोलियां की आवाज सुनकर सभी लड़के इधर-उधर भाग गए, लेकिन हमलावरों के फरार होने के बाद वार्म अप कर रहे लड़कों ने कपिल को संभाला और बाइक पर बैठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। मृतक जिम संचालक कपिल मूल रूप से जींद के डालमवाला गांव का रहने वाला था, लेकिन पिछले तीन साल में हांसी की शांति निकेतन कॉलोनी में रह रहा था। वह करीब तीन साल से यहां जिम चला रहा था। कपिल ने कुछ दिनों पहले ही क्रांतिकारी चौक स्थित चहल मार्बल के पास अपनी रेड जिम शिफ्ट की थी। बताया जा रहा है कि कपिल ने करीब एक साल पहले ही भाटोल जाटान गांव की युवती से लव मैरिज की थी और कोर्ट मैरिज के बाद उसका युवती के परिजनों के साथ विवाद भी हुआ था। फिलहाल युवती अपने परिजनों के पास मायके में रह रही है।

#### फिलहाल नहीं हुआ हत्या के कारणों का खुलासा

फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रहे हैं। शहर में गुरुवार सुबह हुई हत्या की वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

#### रेकी करके आए थे बदमाश

पुलिस उपाधीक्षक विनोद शंकर ने बताया कि मर्डर के तरीके से लग रहा है कि बदमाश पेशे से क्रिमिनल हैं और वह पूरी प्लानिंग के साथ यहां आए थे। उन्हें इस बात की जानकारी थी कि कपिल रोजाना इसी जगह पर लड़के व लड़कियों को एक्सरसाइज करवाता था। बदमाशों ने इसकी पूरी रैकी की हुई थी। गोली चलाने वाले बदमाश ने अपने पीछे बैग भी टांगा हुआ था जिससे लगता है कि वो पूरी तैयारी करके आए थे। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच कर रही है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश किस तरफ भागे हैं।

#### कपिल इकलौता बेटा था : डीएसपी

डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे की घटना है। पुलिस को करीब 6 बजे सूचना दी गई थी। पता चला कि बाइक पर दो युवक आए और फायरिंग करके चले गए। हम मौके पर जांच के लिए आए हैं। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि कपिल की मां से बातचीत हुई है, लेकिन वह कपिल द्वारा की गई कोर्ट मैरिज को लेकर किसी तरह के विवाद से इनकार कर रही हैं। कपिल अपने माता-पिता की इकलौती संतान था।

#### इन चार बड़े एंगल को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही पुलिस

हांसी एसपी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस मर्डर मामले में चार एंगल पर जांच कर रही है। कपिल के अपनी ससुराल में बेहद खराब रिश्ते रहे हैं। कपिल ने लव मैरिज की थी और लड़की के भाई ने कपिल को देख लेने की धमकी दी हुई थी। एसपी ने बताया कि कपिल के क्रिमिनल बैक ग्राउंड को भी खंगाला जा रहा है। पता लगा रहे हैं कपिल की किससे दुश्मनी थी। कपिल के खिलाफ भी कई एफआईआर दर्ज हैं। तीसरा एंगल ये है कि कहीं जिम में कपिल का किसी के साथ कोई झगड़ा तो नहीं हुआ। या फिर कोई गर्लफ्रेंड का मामला ना हो। इस एंगल की भी जांच की जा रही है। पुलिस लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बॉक्सर की पोस्ट में दिए एंगल को भी देख रही है। इस पोस्ट में शेखपुरा और ढाणी पुरिया में हुई फायरिंग का साजिशकर्ता रेड्डू को बताया।

### लॉरेंस गैंग ने पोस्ट डालकर कहा, अन्य भी नहीं बचेंगे, सब आएंगे निशाने पर

#### एसपी ने किया घटनास्थल का दौरा

जिम संचालक का मर्डर किए जाने की सूचना के उपरांत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच कर रहे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर 10 गोलियों के खोल बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम की अनुसार अपराधियों द्वारा वारदात को अंजाम देने के लिए .45 एमएम पिस्तोल प्रयोग किया है जो कि बहुत ही महंगा और बहुत कम लोगों के पास होता है। उन्होंने बताया शहर थाना पुलिस व सीआईए सहित पुलिस की कई टीमें मामले की जांच कर रही हैं और जल्द ही जीम ट्रेनर की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि जांच में प्रारंभिक सामने आया है कि कुछ दिन पहले लड़की के भाई ने कपिल को धमकी भी दी थी। इस मर्डर केस में पुलिस भाई से भी पूछताछ कर रही है।

## लॉरेंस गैंग ने ली हत्या की जिम्मेदारी

कपिल की हत्या के करीब पांच घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस हत्या की जिम्मेदारी ली। फेसबुक पर डाली गई पोस्ट में हत्या की वजह शेखपुरा व ढाणी पुरिया में हुई फायरिंग से जोड़ा गया है और कपिल को फायरिंग करवाने वाला मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। वारदात के पांच घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैरी बॉक्सर ने मर्डर की जिम्मेदारी ली है। हालांकि पुलिस हत्या के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है लेकिन लॉरेंस गैंग की एंट्री से मामला हाई प्रोफाइल हो गया है।

#### जानिए...क्या लिखा है पोस्ट में

सभी भाइयों को राम-राम, आज ये जो हांसी में कपिल रेड्डू का मर्डर हुआ है, उसकी जिम्मेदारी हैरी बॉक्सर, आरडी धारीवाल, हरमन संधु और विक्रम क्रीडान लेते हैं। ये हमने करवाया है। इसने शेखपुरा और ढाणी पुरिया में जो फायरिंग हुई थी, उसमें ये मेन साजिशकर्ता था और इसने पूरा सहयोग किया था, इसको समझाया भी था। दो बार हमारे सुंदर भाई हांसी ने, लेकिन इसके समझ में नहीं आया। जो भी उस फायरिंग में शामिल था, उन सबको मारेंगे, हमें सबका पता है। हमने जिन-जिन को फोन किए हुए हैं, वो टाइम रहते लाइन पर जाओ, वरना अंजाम बहुत बुरा होगा। अगर टाइम रहते लाइन पर नहीं आए तो गोली कभी भी किसी साइड से कहीं से आ सकती है। जो हमारे दुश्मनों के साथ बैठकें उनका साथ देंगे अपने आप को शहर का नवाब समझ रहे हों जल्दी ही तुमसे मुलाकात होगी। तुमसे तुम्हारी मौत घर की चौखट पर दस्तक दे रही है। वेट एंड वॉच

#### ऑडियो में गुरु रंधावा जिम पर फायरिंग का भी जिम्मा लिया

फेसबुक पर वायरल ऑडियो में हांसी की इस घटना के अलावा पंजाबी एक्टर-सिंगर गुरु रंधावा के दिल्ली स्थित जिम पर फायरिंग की भी जिम्मेदारी ली है। इसमें कहा- इसको भी मैंने फोन करके समझाया था मगर इसको भी समझ नहीं आया था। ये भी सलमान खान के साथ बैठकर उसका बहुत करीबी हो रहा है। इसको भी समझाया था मगर इसके भी समझ नहीं आया। इसके भी जल्दी गोलियां पड़ेंगी। कितनी भी सिक्योरिटी ले ले और देश के किसी भी कोने में चला जाए। इसको छोड़ेंगे नहीं। प्रशासन यह सोच रहा है कि मेरे और मेरे घरवालों पर केस बना दोगे और मैं चुपचाप बैठ जाउंगा तो ये गलत सोच है, मैं चुप बैठने वाला नहीं हूं। जितने भी दुश्मन है उनको छोडूंगा नहीं, मारूंगा इनको। टाइम लग जाएगा, मगर पहुंच जाएंगे। मेरे भाई और चाचा पर केस लगाकर कुछ नहीं होगा। केस लगाना है तो उन पर लगाओ जो साजिश रच रहे हैं, जिनका कोई लेना देना नहीं है उनको फंसाकर क्या साबित करना चाहते हो तुम।

#### शेखपुरा और गांव ढाणी पुरिया में भी फायरिंग करने के मामले का जिक्र

लॉरेंस गैंग की पोस्ट में शेखपुरा और ढाणी पुरिया में फायरिंग केस का जिक्र है। असल में, 25 फरवरी 2025 को हांसी के गांव शेखपुरा के सरंपच प्रदीप लादी को डराने के लिए फायरिंग हुई थी। अगले दिन गांव ढाणी पुरिया में फायरिंग हुई। इस केस में हांसी एसटीएफ ने एनकाउंटर के बाद कृष्णा कॉलोनी के रवि व इंद्र सैनी को पकड़ा था। उनके कब्जे से तीन देसी पिस्तोल और पांच कारतूस मिले थे। पोस्ट में दावा है कि इन दोनों केस में कपिल रेडू मेन साजिशकर्ता था।

#### कपिल रेड्डू पर दर्ज थे हत्या प्रयास हत्या और लड़ाई-झगड़े के 4 केस

पुलिस के अनुसार जिम संचालक कपिल रेड्डू के खिलाभ हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और लड़ाई-झगड़े के चार अलग-अलग थानों में केस दर्ज हैं। कपिल पर 2023 में सदर थाना में पहला केस दर्ज हुआ था। इसके बाद 2024 में भी हांसी सदर थाने में, 2023 में बास थाने में हत्या और 2024 में हिसार के अर्बन एस्टेट थाने में हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ था।

---

## चंडीगढ़ से बरवाला लाई जा रही अवैध शराब से भरी कार पकड़ी

**हिसार।** सीआईए मीलगेट की टीम ने कार्रवाई करते हुए 799 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर आरोपी संदीप निवासी खाराखेड़ी, जिला फतेहाबाद तथा सुमित निवासी बुढाखेड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बरामद क्रेटा गाडी को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

सीआईए मिलगेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक क्रेटा गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर चंडीगढ़ से बरवाला की ओर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पुराना बस अड्डा चौकी बरवाला के सामने नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान उक्त क्रेटा गाड़ी को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से कुल 799 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है जो गहनता से पूछताछ की जाएगी ।

### बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने पर हुआ हादसा

## हरिद्वार घूमने गए हांसी के दो दोस्तों की हादसे में मौत, परिवारों में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

हरिद्वार घूमने गए हांसी के दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। दोनों दोस्त बाइक पर सवार होकर उत्तराखंड के धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा पर निकले थे, लेकिन सफर के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान हांसी की रूपनगर कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय रजत भाटिया और उत्तम नगर निवासी 23 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। मृतक रजत भाटिया के भाई नितेश ने जानकारी दी कि दोनों युवक सोमवार को घर से निकले थे। बुधवार शाम को उन्हें फोन पर सूचना मिली कि रुड़की के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रवि कुमार अविवाहित था और घर से बिना बताए निकला था। रजत भाटिया अपनी बाइक से गया था। रजत ने लगभग एक साल पहले प्रेम विवाह किया था और वह एक निजी दुकान पर कार्य करता था। उसकी असमय मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेसुध हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिवारों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार को उम्मीद थी कि युवक घूमकर सकुशल लौटेगा, लेकिन हादसे की खबर ने उनकी दुनिया ही उजाड़ दी।

लोगों के अनुसार दोनों दोस्त काफी घनिष्ठ थे और अक्सर साथ रहते थे। उनकी दोस्ती का अंत भी एक साथ ही हो गया। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को हांसी लाया गया, जहां देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया

## अवैध निर्माण पर निगम सख्त तीन व्यावसायिक भवन सील

**हिसार।** नगर निगम ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती दिखानी आरंभ कर दी है। पिछले काफी दिनों की चेतावनी के बाद निगम ने गुरुवार को शहर के तीन व्यावसायिक भवनों को सील कर दिया। कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी ने बताया कि निगम क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की गई है। इसके तहत दिल्ली रोड स्थित एक व्यावसायिक भवन तथा जिंदल हॉस्पिटल रोड पर स्थित दो व्यवसायिक भवनों को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित भवन स्वीकृत नक्शों के अनुरूप निर्मित नहीं किए गए थे। निर्धारित नियमों और भवन मानकों का उल्लंघन पाए जाने के कारण यह



कार्रवाई की है। उन्होंने बताया की नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान जेई संदीप काजल, जेई अजय सिहाग, जेई विकास पूनिया, जेई नवीन व जितेन्द्र सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

---

### बार एसोसिएशन का चुनाव आज, मतदान की सभी तैयारियां पूरी

## चुनाव करवाने पर अड़े आरओ दिलीप जाखड़, बीसीआई ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर वकीलों में टकराव हो गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने रिटर्निंग अधिकारी दिलीप जाखड़ को सस्पेंड कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ रिटर्निंग अधिकारी ने इसका विरोध करते हुए हर हाल में 12 जून को चुनाव करवाने का ऐलान कर दिया है। ऐसे में हिसार बार में टकराव की स्थिति हो गई है।

बीसीआई ने हिसार के पुलिस अधीक्षक और डीसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे कोर्ट परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखें और कोर्ट के कामकाज में कोई बाधा न आने दें। साथ ही बार एसोसिएशन, एड-हॉक कमेटी, चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को किसी भी प्रकार की चुनावी गतिविधि, बैठक, मतदान या आम सभा आयोजित करने से भी मना किया गया है। ऐसे में चुनाव को लेकर बड़ा टकराव देखने को मिल सकता है। बार बीसीआई के आदेश को दरकिनार कर 12 जून को चुनाव करवाने करवाने पर अड़ गई है। चुनाव अधिकारी की ओर से मतदान की तैयारियां जारी रखी गई हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिलीप जाखड़ ने गुरुवार को बताया कि 12 जून को प्रस्तावित मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान केंद्र और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और 12 जून को मतदान बैलेट पेपर से करवाया जाएगा।





#### दोनों बार काउंसिल पहले ही कर चुकी हैं हस्तक्षेप

हालांकि, चुनाव प्रक्रिया को लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा दोनों ही संस्थाएं पहले ही हस्तक्षेप कर चुकी हैं। बीते दिनों बीसीआई द्वारा जारी अंतरिम आदेश के बाद बीसीपीएच ने भी चुनाव प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के निर्देश जारी किए थे। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने अपने आदेश में रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट दिलीप जाखड़ सहित छह सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव कार्यक्रम रोकने के निर्देश दिए हुए हैं।

#### बीसीआई ने 9 को लगा दी थी रोक

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 9 जून को अंतरिम आदेश जारी कर 12 जून को प्रस्तावित चुनाव और उससे संबंधित सभी कार्यवाहियों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया था। बीसीआई ने अपने आदेश में एडवोकेट दिलीप जाखड़ को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी भूमिका में कार्य करने पर रोक लगाने का भी उल्लेख किया था। इसके बावजूद 10 जून को जिला बार एसोसिएशन की ओर से चुनाव संबंधी निर्देश जारी किए गए, जिन पर दिलीप जाखड़ के हस्ताक्षर थे।

#### इनके बीच होगा मुकाबला

बार के 5 पदों के लिए कुल 17 पत्याशी मैदान में हैं। प्रधान पद के लिए मोहित अरोड़ा, ओम नारायण कौशिक व प्रदीप सिंह बाजिया, उपप्रधान पद के लिए अश्वनी कुमार आर्यन, भागीरथ सिंह लदोइया, राहुल सिंह व श्वेता शर्मा, सचिव पद के लिए मोहित चौधरी, राजबीर सिंह भट्टी, रामनिवास चौधरी पायल व समीर सिहाग, सहसचिव पद के लिए जगरूप सिंह विर्क, करण छाबड़ा व साहिल मदेरणा तथा महिला आरक्षित कोषाध्यक्ष पद के लिए आशा रानी बाल्यान, गरिमा जैन व पूजा गिरि प्रत्याशी हैं। चुनाव में 2765 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं।

### फर्जी दस्तावेजों पर जमानती बनने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आर्थिक अपराध पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग कर न्यायालय में जमानती बनने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। डीएसपी यातायात द्वारा की गई जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जानलेवा हमला व जान से मारने की धमकी मामले में 28 जून 2023 को एचटीएम थाना में दर्ज अभियोग संख्या 1212 में आरोपी दीपक उर्फ राहुल निवासी पड़ाव चौक को जमानत दिलवाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर अदालत में प्रस्तुत किए गए थे। जांच के दौरान पाया गया कि जमानत के समय प्रस्तुत की गई जमाबंदी तथा आधार कार्ड संबंधी दस्तावेज फर्जी थे। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान आधार कार्ड संख्या का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिला तथा संबंधित दस्तावेजों में दर्शाई गई जानकारी भी गलत पाई गई। जांच में आरोपी धर्मपाल निवासी जगजीवन नगर द्वारा फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग कर जमानती बनने की भूमिका सामने आई। उक्त तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 319, 318(4), 336(3), 338, 340 एवं 61 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी धर्मपाल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर

**उकलाना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उकलाना और आसपास के क्षेत्रों में योगियों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। भारतीय योग संस्थान से संबद्ध जयराम महिला योग समिति द्वारा इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन पार्क में आयोजित किया जाएगा। समिति की प्रधान संगीता गर्ग ने कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस योग उत्सव में कुसुम गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

### लोहारी राघो में रात में खेतों से 13 बकरी चोरी

**नारनौंद।** गांव लोहारी राघो में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में एक खेत से 13 बकरियों को चोरी करके मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। गांव इक्कस निवासी चैन सिंह ने बताया कि उसने गांव लोहारी राघो में जमीन खरीद कर मुर्गा फार्म बनाया हुआ है।

### महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम

**हिसार।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को गुणवत्ता एवं मानकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शाइन (स्टैंडर्ड हेल्प इंफॉर्म एंड नर्चर एम्पावर्ड वूमेन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक वीरेंद्र श्योराण ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को भारतीय मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के प्रति जागरूक करना है।

### जागरूकता व पौधरोपण अभियान चलाया

**हांसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर तथा विशेष प्रचार अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न जागरूकता एवं जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुष विभाग द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न गांवों में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया।

### मानकीकरण के प्रति किया जागरूक

**नारनौंद।** भारतीय मानक ब्यूरो की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत नारनौंद के अनमोल क्लस्टर संगठन ट्रेनिंग सेंटर में शाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समय सहायता समूह में शामिल मातृ शक्ति को मानकीकरण दैनिक उपयोग की वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच और उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### गिरफ्तार आरोपियों को 8 दिन का पुलिस रिमांड

**हांसी।** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट हिसार और पुलिस चौकी सिसाय पुल की संयुक्त कार्रवाई में चूरा पोस्त तस्करी मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों का न्यायालय से 8 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बरवाला रोड बाइपास पुल के नीचे नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 5 किलो 180 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ था।

### पुलिस ने ढूंढ निकाले लाखों के 150 मोबाइल

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पुलिस को तकनीकी सेल की मदद से एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए बीते दो महीनों में विभिन्न स्थानों से गुम व चोरी हुए करीब 150 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। इन बरामद किए गए मोबाइलों की कुल कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। एसपी जैन बताया कि माह अप्रैल व मई के दौरान कुल 150 मोबाईल फोनों को उनके असल वारिसों (मालिकों) के सुपुर्द किया।

---

## मानसून सीजन में सीवरेज जाम और दूषित पेयजल की समस्याओं से निपटने की तैयारी

# बरसात से पहले पूरे किए जाएं सभी जरूरी इंतजाम: मेयर

**चार विभागों के अफसरों के साथ किया मंथन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर में बरसात के मौसम के दौरान सीवरेज जाम और दूषित पेयजल जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम मुख्य सभागार में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता और निगमायुक्त नीरज के नेतृत्व में हुई। इस दौरान वार्ड 11 से 20 की समस्याओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, एचएसवीपी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मेयर प्रवीण पोपली ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शहर के प्रत्येक वार्ड में सीवरेज सफाई, बरसाती नालों की सफाई, नई जीटी लगाने, मैनहोल रिपेयर तथा पेयजल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सभी जरूरी कार्य पूरे होने चाहिए ताकि शहरवासियों सीवरेज ब्लॉक और दूषित पानी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### स्टॉर्म वॉटर लाइन जल्द ठीक करने की उठी मांग

वार्ड 12 के पार्षद जगमोहन मित्तल ने कहा कि वार्ड में कई क्षेत्रों में सीवरेज की सफाई नहीं हुई है और जहां सफाई की जाती है, वहां निकाली गई स्लिट समय पर नहीं उठाई जाती, जिससे सीवरेज दोबारा जाम हो जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सीवरेज सफाई के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही कार्य शुरू होगा। जिंदल चौक से जिंदल अस्पताल रोड तक की सीवरेज लाइन की सफाई तथा जिंदल पुल से जिंदल मॉडर्न स्कूल तक नई लाइन डालने का कार्य भी जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। पार्षद डॉ. सुमन यादव ने मॉडल टाउन में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई स्टॉर्म वॉटर लाइन को जल्द ठीक कराने की मांग उठाई। उन्होंने वार्ड में सीवरेज और जीटी सफाई, मेन हॉल के ढक्कन लगाने तथा दूषित पेयजल की समस्या का समाधान करने की मांग भी रखी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टरों में जल्द सीवरेज सफाई अभियान शुरू होगा और जहां जरूरत होगी वहां मैनहोल रिपेयर व नए ढक्कन लगाए जाएंगे। सेक्टर 16-17 में बंद पड़ी सीवरेज लाइन और सेक्टर 13 डाबड़ा चौक पुल के नीचे पिछले एक वर्ष से जाम पड़ी एचएसवीपी लाइन को भी जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया गया।



### सातरोड में टूटे मैनहोल ढक्कन

पार्षद नरेश ग्रेवाल ने गांव सातरोड में नई पेयजल और सीवरेज लाइन बिछाने तथा नई जीटी लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सीवरेज सफाई, टूटे मैनहोल ढक्कनों को बदलने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द कार्य शुरू होगा।

### महाबीर कॉलोनी में डिस्पोजल नहीं हुआ शुरू

पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी ने महाबीर कॉलोनी में डिस्पोजल और पानी की लाइन के कार्य शुरू न होने का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बैंक कॉलोनी में राजिया होटल के पास 200 फुट पाइप डालकर मुख्य लाइन से जोड़ने का सुझाव भी दिया, जिस पर अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करने की बात कही। कैम्प चौक पर बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों ने कहा कि वहां जीटी और सीवरेज लाइन की सफाई जल्द करवाई जाएगी। साथ ही रोड लेवल ठीक करने की मांग पर भी सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया

### सीवरेज और जीटी की गुणवत्ता पर सवाल

पार्षद राजेश अरोड़ा ने जवाहर नगर गली नंबर एक से चार में चल रहे सीवरेज और जीटी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन के नीचे डाली जा रही स्लैब की मोटाई कम है और निम्न स्तर का सामग्री इस्तेमाल हो रही है। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों को निर्माण सामग्री के सैंपल जांच के लिए श्रीराम लैब भेजने के निर्देश दिए। दूषित पेयजल की समस्या पर अधिकारियों ने बताया कि जहां पुरानी पानी की लाइनें हैं, वहां नए एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। सेक्टर 15 में पुरानी लाइनें बंद कर लोगों को नई लाइन से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी ताकि दूषित पेयजल की समस्या दूर हो सके। इस दौरान पार्षद जगमोहन मित्तल, सत्यवान पान्नू, नवीन, संजय डालमिया, डॉ. सुमन यादव, नरेश ग्रेवाल, राजेश अरोड़ा, राजेन्द्र बिडलान, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई अमित बेरवाल, जेई अंकुर, जेई संदीप काजल, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई तरूण गर्ग, एक्सईएन बलकार रेड्डू, एसडीओ संजय दूहन, जेई नीरज भाटिया, एसडीओ एचएसवी कुलदीप, जेई अभिषेक, जेई हरिश, एक्सईएन सिंचाई विभाग आनंद श्योराण मौजूद रहे।

---

# खांडा खेड़ी में 15 दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में हवन यज्ञ करते हुए योग साधक। फोटो : हरिभूमि

गांव खांडा खेड़ी में 15 दिवसीय योग शिविर प्रशिक्षण का शुभारंभ गांव के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ किया। उसके बाद योग शिविर की शुरुआत की। उसके बाद योग शिविर में आए हुए गणमान्य व्यक्तियों और जिला हांसी कार्यकारिणी के प्रभारियों का जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य व जिला सोशल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र आर्य व बास तहसील के युवा प्रभारी रवि आर्य व बलजीत प्रधान ने इनका फूलमाला और अंगवस्त्र को पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सुंदर सिंधु सतरोल तपा प्रधान, सुखबीर सिंधु, समाजसेवी अर्जुन सिंधु, आर्य समाज के कोषाध्यक्ष राममेहर आर्य, रविन्द्र आर्य, बलवान सिंधु, जगू पीटीआई, सतबीर सिंह, योग शिक्षक सुनील, योग शिक्षक विजय आर्य, योगाचार्य जोगिंद्र मोर, सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंधु आदि मौजूद रहे।

### योगिक जॉगिंग के अभ्यास करवाए

जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने योग साधकों को आदर्श दिनचर्या के बारे में बताया और योगिक जॉगिंग के अभ्यास करवाए। हांसी जिले से योग शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि राजीव ने अष्टांग योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वहीं हांसी जिले से पहुंचे हांसी संगठन के संरक्षक प्यारेलाल ने योग की महिमा के ऊपर प्रकाश डाला। हवन यज्ञ की शुरुआत बलजीत आर्य ने अपनी मधुर वाणी के द्वारा वेद मंत्रों के साथ उच्चारण किया गया और उनके सहयोगी विद्या रानी, बिजेंदर आर्य सहित सभी योग साधकों ने वेद के मंत्रों के साथ हवन यज्ञ की आहुति देकर यज्ञ को संपन्न किया गया।

---

# सरकार गायों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध

- हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन ने गोशालाओं का किया दौरा
- तूफान में हुए नुकसान का लिया जायजा, प्रभावित संचालकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। गोशालाओं का दौरा कर तूफान से हुए नुकसान का जायजा लेते गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने गुरुवार को गांव हिन्दवान स्थित वरदान गोकुल डेयरी फार्म, भीमा शंकर नंदीशाला एवं महर्षि दयानंद गौशाला का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने वरदान गोकुल डेयरी फार्म में हाल ही में आए तूफान से हुए भारी नुकसान का भी मुआयना किया। उन्होंने प्रभावित संचालकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशील है तथा नुकसान के आकलन के उपरांत नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने गौशालाओं में रह रहे गौवंश के रखरखाव, चारे-पानी, चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गौशाला संचालकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने गौशाला संचालकों एवं गोसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है।

### मदद करती है सरकार

चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि सरकार गौ संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। हरियाणा गौ सेवा आयोग द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं को लगभग 280 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता से गौशालाओं में चारे, पशु चिकित्सा, रखरखाव एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला है।

---

# रवि सैनी बने हरियाणा वन विकास निगम चेयरमैन

- रवि सैनी ने भाजपा के टिकट पर 2009 में लड़ा था हिसार से विधानसभा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी को सम्मानित करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

सरकार ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रवि सैनी को हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड का चेयरमैन नियुक्त किया है। रवि सैनी की गिनती प्रदेश भाजपा के उन चुनिंदा और पुराने नेताओं में होती है जिन्होंने जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने में लंबा समय लगाया है। वे पूर्व में भाजपा के हिसार जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन का सफल नेतृत्व कर चुके हैं। इसके अलावा रवि सैनी वर्ष 2009 हिसार विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। पार्टी के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा संगठन में एक सक्रिय और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार का यह फैसला बेहद रणनीतिक है। हिसार में भाजपा के पुराने, अनुभवी और संगठनात्मक चेहरों को फिर से मुख्यधारा और महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियों में वापस लाने की दिशा में इसे बड़ा संकेत माना जा रहा है।

### पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित



हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड का चेयरमैन नियुक्त जाने के बाद रवि सैनी भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता सहित सभी कार्यकर्ताओं नें प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया व बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये पार्टी के बहुत ही वरिष्ठ और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। डॉ. कमल गुप्ता नें रवि सैनी को शाल व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, मनोज मदान, भानु सिंगल, अतुल बांगा, सतीश सुरलिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण बिश्नोई, प्रोमिला पुनिया, धर्म सिंह खटकड़, महाबीर जांगड़ा, प्रकाश अग्रवाल, लोकेश असीजा यसवंत धहिया, अनुज जैन, धर्मवीर सिंह पानू व सतीश महत्ता आदि उपस्थित रहें।

---

# आईटीआई में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

- योगासन और प्राणायाम के महत्व की विस्तार से दी गई विद्यार्थियों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। परिसर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में गुरुवार को हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग सहायक सजना, प्रतिभा एवं कुलदीप ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### नियमित योग से स्वस्थ रहता है शरीर

योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य श्री भूप सिंह, वरिष्ठ अनुदेशक राकेश पात्रा, अनमोल लालूसर सहित संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---



हिसार। दाखिला पोर्टल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

# बीएससी-बीएड व बीए-बीएड कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया शुरू

- कुलपति प्रो. बिश्नोई ने किया दाखिला पोर्टल का उद्घाटन
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय इंटेग्रेटिड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) के अंतर्गत बीएससी-बीएड व बीए-बीएड कोर्सों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरुवार को दाखिला पोर्टल का उद्घाटन किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि गुजविप्रौवि का शिक्षा विभाग राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विभाग है। एक अच्छा शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि वह व्यक्तित्व का निर्माण करता है और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि आईटीईपी प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे शिक्षकों का निर्माण करना है जो ज्ञानवान होने के साथ-साथ संवेदनशील, नवाचारी और समाज के प्रति उत्तरदायी हों।

शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. वंदना पूनिया ने कहा कि गुजवि में आईटीईपी प्रोग्राम का उद्देश्य कौशलयुक्त शिक्षक तैयार करना है, जो विकसित भारत संकल्प अभियान में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, डीन शिक्षा संकाय प्रो. वंदना पूनिया, कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, पीडीयूसीआईसी के निदेशक मुकेश अरोड़ा, कुलदीप कुंडु व भारत भूषण उपस्थित रहे।

---

# गुजवि के नौ शूटरों ने किया प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई



हिसार। क्वालीफाई करने वाले शूटर्स को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नौ शूटरों ने हरियाणा शूटिंग चैंपियनशिप के लिए प्रि-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। क्वालीफाई करने वाले शूटर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले।

कुलपति ने कहा कि यह विवि के लिए एक शानदार उपलब्धि है। शूटिंग कोच बिमला देवी ने बताया कि डा. केएसएसआर तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित 11वीं हरियाणा शूटिंग चैम्पियनशिप-2026 राइफल शूटर प्रतियोगिता में पिस्टल शूटर 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में फूड टेक्नोलॉजी की जय दीक्षा, सीएसई के हर्ष सिंह व साइकोलॉजी की हर्षिता ने तथा 50 मीटर फ्री पिस्टल में साहिल ने प्रि-नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। बीटेक ई एंड सी की पूजा व अंकुश, बीटेक सीएसई के गौरव, बीटेक आईटी की ज्योति व बीटेक फूड टेक्नोलॉजी की प्रीति ने राइफल प्रतियोगिता में नेशनल क्वालीफाई किया है।

---

# चानौत में बांटी खेल सामग्री

**हांसी।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा गांव चानौत के खेल स्टेडियम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के विभिन्न खेल प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युवाओं को खेलों के महत्व, नियमित व्यायाम, योग तथा अनुशासित जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



प्रशिक्षकों ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर राजेश कुमार जिंदल ने नागरिकों को राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।


---

**असहमति** शहीद राजा राव तुलाराम संघर्ष समिति ने जताया विरोध

# हांसी में महाराजा अरुट द्वार को लेकर विवाद गहराया

- शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर नामकरण की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते यादव सभा हिसार के प्रधान एडवोकेट चंद्रभान यादव व जिला पार्षद योगेन्द्र यादव उर्फ हन्नी। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग से हांसी शहर के प्रवेश पर प्रस्तावित 'महाराजा अरुट द्वार' को लेकर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को शहीद राव तुलाराम संघर्ष समिति ने एक निजी होटल में प्रेस वार्ता कर निर्माण कार्य का विरोध जताते हुए द्वार का नाम शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर रखने की मांग उठाई। प्रेस वार्ता में शहीद राजा राव तुलाराम संघर्ष समिति हांसी व यादव सभा हिसार के प्रधान एडवोकेट चंद्रभान यादव ने कहा कि जिस क्षेत्र में यदुवंशी समाज की बहुलता है और जहां पहले से राव तुलाराम चौक स्थापित है, वहां 'महाराजा अरुट द्वार' का निर्माण समाज की भावनाओं के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने मांग की कि प्रवेश द्वार का नाम शहीद राजा राव तुलाराम द्वार रखा जाए। जिला परिषद सदस्य यादवेंद्र यादव ने बताया कि इस संबंध में विधायक विनोद भयाना से भी बातचीत की गई है। उनके अनुसार विधायक ने समाज की भावनाओं का सम्मान करने का आश्वासन देते हुए कहा है कि यदि समाज की यही मांग है तो इस पर विचार किया जाएगा। हालांकि विधायक की ओर से इस विषय पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले विधायक विनोद भयाना ने इसी स्थान पर 'महाराजा अरुट द्वार' के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। इसके बाद यादव समाज के विरोध के चलते यह मामला सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है।

### 14 जून को होगी सर्व समाज की बैठक

संघर्ष समिति ने घोषणा की कि 14 जून को राव तुलाराम चौक पर सर्व समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें 36 बिरादरी के प्रतिनिधि शामिल होकर अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचाएंगे। संघर्ष समिति ने प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो भविष्य में समाज कोई कठोर निर्णय लेने पर मजबूर होगा। यादव समाज का यह रुख स्पष्ट है कि वह राव तुलाराम चौक के अस्तित्व और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो रविवार को होने वाली मीटिंग में आंदोलन की अगली रणनीति पर कठोर निर्णय लिया जा सकता है। प्रेस वार्ता में संघर्ष समिति एवं यादव सभा के पत्रकार वार्ता में संघर्ष समिति व यादव सभा हिसार के प्रधान चंद्रभान यादव, पूर्व सरपंच रंगीराम, हरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, राहुल यादव, शशिकांत यादव, राजपाल यादव और लीलाराम सहित समिति पदाधिकारियों सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास में संलिप्त आरोपी को भेजा जेल

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी को हत्या प्रयास के मामले में वांछित चौथे आरोपी सचिन निवासी तेलियान पुल गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राजेश बंसल निवासी बड़वाली ढाणी ने शिकायत दी थी कि 4 मार्च को कुछ युवकों ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए चाकू व अन्य हथियारों से चोटें पहुंचाई थीं। उल्लेखनीय है कि इस मुकदमे में शामिल तीन अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा भगौड़ा बलजीत

**हिसार।** वांछित भगौड़ों/बेल जम्परों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 12 क्वार्टर पुलिस चौकी ने एक पीओ को काबू किया है। एसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी पीओ को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया गया है । पीओ की पहचान बलजीत वासी रसूलपुर, जिला करनाल के रूप में हुई है । आरोपी पीओ इससे पहले अदालत से एनआईए एक्ट में पीओ घोषित था।

### छेड़छाड़ मामले में पीओ को न्यायिक हिरासत में भेजा

**हांसी।** सदर थाना हांसी पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े आरोपी के खिलाफ सदर थाना हांसी में छेड़छाड़ का मामला दर्ज था। उक्त मामले में आरोपी लगातार न्यायालय में पेशी से गैरहाजिर चल रहा था। अदालत ने उसे उद्घोषित आरोपी घोषित कर दिया। सदर थाना हांसी में मामला दर्ज कर आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नशा मुक्ति टीम ने सीसवाल में चलाया विशेष अभियान

**हिसार।** पुलिस की विशेष नशा मुक्ति टीम ने थाना आदमपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सीसवाल में एक व्यापक जागरूकता व सहायता अभियान चलाया। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम ने गांव के गणमान्य नागरिकों, ग्रामीणों और प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद स्थापित किया। टीम ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जागरूक किया। टीम ने गांव में 04 नशा पीड़ितों की पहचान की ताकि समय पर इलाज मुहैया कराया जा सके। पुलिस टीम के प्रयासों से आज कुल 10 नशा पीड़ितों को दवा व उचित चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान महजत निवासी शमशेर उर्फ अंकित के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही उमेद ने बताया कि थाना शहर हांसी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी शमशेर उर्फ अंकित को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता की मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# अतिक्रमण और अवैध कब्जे की शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

- उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डीसी महेंद्र पाल शिविर में जन शिकायतें सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। समाधान शिविर में सैनिक विहार कॉलोनी की आंतरिक सड़को को ऊंचा तथा समतल बनवाने की मांग पर उपायुक्त ने नगर निगम विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आर्य नगर निवासी हैपी द्वारा जोहड़ सफाई, अतिक्रमण हटवाने एवं पार्क निर्माण संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ऋषि नगर निवासियों के गलियों में अवैध निर्माण हटवाने की शिकायत को रखा जिस पर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने को कहा। आजाद नगर निवासी सोमवीर सिंह द्वारा घर के पास पिछले कुछ दिनों से खड़ी कूड़े की ट्राली को हटवाने की मांग पर डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सूर्य नगर निवासी एक प्रार्थी द्वारा सीवरेज लाइन तथा पीने के पानी की लाइन ठीक करवाने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को इस मामले पर नागरिकों के समक्ष आ रही समस्या को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसीयूटी विवेक यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल व डीडीपीओ नरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते डीडीपीओ संदीप भारद्वाज व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### पीपीपी से जुड़ी पहुंची सबसे ज्यादा शिकायतें

- शिविर में डीडीपीओ ने सुनी जनसमस्याएं, नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में सर्वाधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) और क्रीड पोर्टल से संबंधित प्राप्त हुईं। इस दौरान डीडीपीओ ने पीपीपी में गलत तरीके से वाहन दर्ज होने संबंधी शिकायतों का समाधान करते हुए बताया कि जिन व्यक्तियों के पास वाहन नहीं है, लेकिन किसी कारणवश पीपीपी में वाहन दर्ज हो गया है, वे संबंधित सीएससी सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लगभग 10 दिनों के भीतर परिवार पहचान पत्र से वाहन का पंजीकरण हटाया जा सकता है। शिविर के दौरान जगदीश कॉलोनी के निवासियों ने गली में चबूतरे बनाकर किए गए अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत करते हुए गली को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की। इस पर डीडीपीओ ने नगर परिषद के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




हिसार। हिसार डिपो सांझा संघर्ष समिति के धरने को संबोधित करते पदाधिकारी।

## आरोपों की जांच के लिए हिसार पहुंची रोडवेज की जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- कमेटी ने की विभिन्न पक्षों से बातचीत, शिकायतों की जानकारी ली
- साझा संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों का धरना जारी

राज्य परिवहन के हिसार डिपो में कर्मचारियों की साझा संघर्ष समिति की ओर से की गई शिकायतों की जांच के लिए विभाग की कमेटी गुरुवार को यहां पहुंची और जांच पड़ताल की।

कमेटी ने शिकायत के विभिन्न पहलुओं की जांच की और अधिकारियों से बातचीत की। विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश पूनिया ने पिछले दिनों डिपो महाप्रबंधक के घेराव के दौरान यहां पहुंचकर कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि कमेटी बनाकर उनके आरोपों व शिकायतों की जांच करवाई जाएगी। संयुक्त निदेशक राजेश पूनिया के निर्देशानुसार कमेटी के सदस्य हिसार डिपो में पहुंचे। कमेटी ने साझा संघर्ष समिति की शिकायतों पर जांच पड़ताल कर संबंधितों से बातचीत करके जानकारी ली ताकि जांच की जा सके। सांझा संघर्ष समिति ने उम्मीद जताई है कि लंबित मांगों एवं उनसे जुड़े मामलों की निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यात्मक जांच की जाएगी तथा कर्मचारियों को न्याय मिलेगा। उधर, सांझा संघर्ष समिति के आह्वान पर कर्मचारियों का धरना 28वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की, जबकि मंच संचालन संदीप सैनी ने किया। समिति के नेताओं ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा।




हिसार। सम्मेलन में उपस्थित महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

### दर्शना को जिला प्रधान व स्नेहलता को महासचिव बनाया

- पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की हिसार जिला महिला कमेटी का प्रथम सम्मेलन संपन्न

**हिसार।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा की हिसार जिला महिला कमेटी का प्रथम सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से दर्शना ओला को जिला प्रधान, गुड्डी धनखड़ व सुनीता देवी कैमरी को उप प्रधान, स्नेहलता बेनीवाल को महासचिव, कांता देवी चालिया को कोषाध्यक्ष, किरण देवी शर्मा को सह सचिव तथा ईलावती गोरछी व बिमला देवी को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर राज्य प्रधान मनदीप सिंह नथवान और राज्य सचिव संदीप सिवाच ने नवनिर्वाचित कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और महिलाओं के मुद्दों पर संघर्ष को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा एकता और संगठन की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों की लामबंदी की जाएगी।

### कुलपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर होगी समीक्षा बैठक

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आगामी 17 व 18 जून को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) बैंकॉक का एक प्रतिनिधि मंडल विश्वविद्यालय का दौरा करेगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि छह सदस्यीय इस प्रतिनिधी मण्डल की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में बूइंग यीस्ट आधारित बीज उपचार के उत्पादन एवं प्रयोग संबंधी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। एफएओ के एशिया एवं प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय बैंकॉक के लीड टेक्नीशियन ऑफिसर एवं उनकी टीम तथा एफएओ इंडिया के अधिकारी भी इस बैठक में भाग लेंगे। इस टीम में बैंकॉक के लीड टेक्नीकल ऑफिसर ब्यू डेमन, सीनियर टेक्नीकल ऑफिसर जितेंद्र जायसवाल, टेक्नीकल ऑफिसर समीर कार्की, एग्रोनॉमिस्ट डॉ. मैथ्यू चैम्पनेस, नेशनल टेक्नीकल कॉर्डिनेटर विनय सिंह व एग्रोनॉमिस्ट डॉ. अशोक कुमार शामिल हैं।



हिसार। कार्यभार ग्रहण करने पर मुख्य अभियंता राजकुमार जाजोरिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इंजीनियर जाजोरिया ने संभाला मुख्य अभियंता का कार्यभार

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के वरिष्ठ अधिकारी इंजीनियर राजकुमार जाजोरिया ने हिसार मुख्यालय में मुख्य अभियंता (प्रशासन एवं मानव संसाधन) का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मुख्य अभियंता राजकुमार जाजोरिया ने कहा कि निगम के प्रशासनिक कार्यों को ओर अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा कर्मचारी हितैषी बनाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन प्रबंधन को सुदृढ़ करने, कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं ।

## सुल्तानपुर में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान



हांसी। गांव सुल्तानपुर की बिजली समस्या को लेकर उपायुक्त राहुल नरवाल को ज्ञापन सौंपते भाजपा उमरा मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- बार-बार शिकायत के बावजूद निगम अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

गांव सुल्तानपुर में लंबे समय से बनी हुई बिजली समस्या के समाधान की मांग को लेकर भाजपा उमरा मंडल के अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपायुक्त राहुल नरवाल को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली निगम की ओर से लगातार लापरवाही बरती जा रही है। कई बार शिकायतें देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। भीषण गर्मी के दौर में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और किसानों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी और समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे।

### जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर किया जागरूक

**हिसार।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों व जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर वीरवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के लोक कलाकारों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गांव खासा महाजन तथा हिसार के शहरी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कलाकारों ने लोकगीतों, भजनों तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए पात्र व्यक्तियों से इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर आईटीआई प्रधानाचार्य सुनील सचदेवा, रितु अरोड़ा, ललित कुमार पुनिया, सुधीर, राजेश, मुकेश, दीपक कटारिया, राजकुमार इंदौरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नॉन टीचिंग स्टाफ ने कुलपति से की मुलाकात

### हकृवि में पदोन्नति के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- गौरव चावला लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनें

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने प्रधान सुनील कुमार की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय में हुई पदोन्नतियों पर चर्चा करते हुए कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का आभार जताया गया। एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार गंगवानी ने बताया कि जब से प्रो. काम्बोज विश्वविद्यालय के कुलपति बने हैं तब से विवि में निरंतर पदोन्नतियों का दौर जारी है। विजय नाथ बहल एवं गौरव चावला को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी से पद पर पदोन्नति दी गई हैं तथा रविंद्र कुमार को उपाधीक्षक से अधीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। राजेंद्र सिंह को कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक फार्म व कुलदीप सिंह को कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक फार्म के पदों पर पदोन्नति मिलने पर बधाई दी गई। कार्यकारिणी की बैठक में प्रधान सुनील कुमार के अलावा महासचिव राजकुमार गंगवानी, वरिष्ठ उप प्रधाान जोगिन्द्र ठाकुर, प्रेस सचिव सुरेंद्र राणा, कार्यालय सचिव बीरपाल बघेल, कार्यकारिणी सदस्य नवीन सभ्रवाल व ओमप्रकाश चौहान तथा संदीप कुमार उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 20 तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान : डीसी

**हांसी।** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा प्रदेश में 20 जून तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि अभियान के दौरान जिला मुख्यालयों पर प्रगति पथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा 16 से 18 जून तक प्रत्येक उप-मंडल में तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनीधि, लखपति दीदी सहित विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए पात्र नागरिकों का पंजीकरण किया जाएगा। 13 से 15 जून के बीच जिला सभागार में बुद्धिजीवियों एवं पेशेवर वर्ग की सहभागिता के साथ सभागार बैठकों का आयोजन होगा। वहीं 16 से 18 जून तक जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा 12 से 20 जून तक प्राकृतिक खेती पर प्रदर्शन एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

## सैन्य जीवन की बारीकियों से रूबरू हुए एनसीसी कैडेट्स

- थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। समापन समारोह को संबोधित करते कर्नल सुनील कटारिया।

थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित 172वें कैडेट वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। कैम्प कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया के कुशल नेतृत्व में यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 2 जून से 11 जून तक संचालित किया गया था। दस दिनों तक चले इस शिविर में कैडेटों को सैन्य जीवन की बारीकियों से रूबरू कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र निर्माण और साहसिक भावना का विकास करना था। शिविर के दौरान कैडेटों को शारीरिक तंदुरुस्ती, कठिन व्यायाम, ड्रिल और अत्याधुनिक सैन्य कौशल का गहन अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही, उनके व्यक्तित्व विकास को निखारने के लिए विशेष नेतृत्व विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिससे कैडेटों की निर्णय क्षमता और टीमवर्क की भावना में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ कैडेटों ने विभिन्न सामाजिक सेवा और सामुदायिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में कर्नल सुनील कटारिया ने कैडेट्स द्वारा दिखाए गए कड़े परिश्रम, प्रतिबद्धता, साहस और अटूट उत्साह की सराहना की। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नेतृत्व का असली अर्थ केवल पद या अधिकार हासिल करने में नहीं है, बल्कि ईमानदारी, अटूट साहस और दूसरों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की क्षमता में निहित है।

### डाक जीवन बीमा योजनाओं की सेमिनार में दी जानकारी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के लिए वेलफेयर ब्रांच द्वारा डाक विभाग के फील्ड अधिकारियों के सहयोग से एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डाक विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक जीवन बीमा की विशेषताओं, कम प्रीमियम, अधिक बोनस, बीमा सुरक्षा, ऋण सुविधा, सरेंडर सुविधा तथा ऑनलाइन प्रीमियम भुगतान जैसी सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा विभिन्न बीमा योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं परिपक्वता राशि संबंधी जानकारी भी साझा की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## 78 देशों के खिलाड़ियों के बीच मधु का शानदार प्रदर्शन

### योग साधना, अनुशासन और संकल्प का बनीं प्रेरणादायक उदाहरण

- हिसार की बेटी मधु वर्मा ने योग में रचा इतिहास, विश्व पटल पर चमका भारत का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। विश्व योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर योग शिविर में मधु वर्मा का अभिनंदन करते भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि परिवार के पदाधिकारी।

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के पांचवें दिन का आयोजन उत्साह, गौरव और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत, हरियाणा एवं हिसार का नाम विश्व स्तर पर रोशन करने वाली मधु वर्मा का अभिनंदन किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति जिला हिसार के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि मधु वर्मा ने अहमदाबाद स्थित ईकेए एरिना में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप की ट्विस्टिंग बॉडी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में 78 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो योग की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। शिविर में मधु वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा अपने संघर्ष, अभ्यास, अनुशासन और प्रतियोगिता के अनुभव साधकों, प्रशिक्षुओं एवं बच्चों के साथ साझा किए।

**यह रहे उपस्थित**

यहां भगवानी, माता अंजू बाला, पिता नरेश कुमार, बहन नेहा, भाई मोहित के अलावा भारत स्वाभिमान न्यास के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य, अजय एलावादी, डॉ. मुकेश कुमार, वीरेन्द्र बड़ाला, सुनील कक्कड़, सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, डॉ. त्रिभुवन, रामकुमार आदि रहे।



हिसार। बैठक करते निर्माण मजदूर। फोटो: हरिभूमि

### संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक उठे कई मुद्दे

**हिसार।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक में निर्माण मजदूरों की विभिन्न लंबित समस्याओं पर गहरा रोष व्यक्त किया है। ठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि मजदूरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो निर्माण मजदूर मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में संगठित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही 17 जून को सिवानी ब्लॉक में मुख्यमंत्री विरोध दिवस प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू के राज्य महासचिव सुखबीर सिंह प्रभात ने की तथा संचालन इंटक के राज्य महासचिव कृष्ण कुमार नैन ने किया। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का श्रम पोर्टल पिछले लगभग 11 महीनों से बंद पड़ा है, जिसके कारण हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लंबित हैं। इससे मजदूरों को आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैठक में आईसीटीयूसी नेता आजाद मिराण, इंटक जिला प्रधान रामोतार खोरड़ा, भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला प्रधान सदीक डाडम, जिला संयोजक सुमेर सिंह, सीटू जिला प्रधान कुलदीप सिंह बड़वा आदि रहे।